# दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए दुकानों को साफ़ रखना।

भारतीय वैज्ञानिकों का कोविद-19 के विरूद्ध प्रयास

https://indscicov.in/

IndiSciCovid

Indian Scientists' Response to COVID-19

**परिचय:**



COVID-19 के संक्रमण से निपटने के लिए लगाए गए लॉकडाउन (बंध) के दौरान  आवश्यक सेवाओं की दुकानें जैसे कि किराने  और दवाइयों  की दुकानों को खुला रहने का निर्देश दिया गया है। चूंकि ये ऐसे स्थान भी हैं जहाँ बहुत से लोग आते हैं, वे रोग के प्रसार के लिए संभावित आकर्षण के केंद्र हैं। हालांकि आपको सतहों की सफाई और भौतिक दूरी बनाए रखने के लिए सामान्य निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है, एक दुकानदार के रूप में आपको कुछ विशिष्ट निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। ये उपाय पालन करके आप आम जनता को ज़रुरत की वस्तुएं प्रदान करना जारी रखते हुए भी अपने आपको, आपके सहकर्मियों और आपके परिवारों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

**दुकानदारों के लिए सामान्य दिशा निर्देश:**



COVID-19 महामारी के दौरान, नियमित रूप से हाथ धोने और अपने हाथों को अपने चेहरे से दूर रखने के दिशा निर्देश, आप पर और बाकी सभी पर लागू होते हैं <लिंक टू हैंड वॉश पेज>! आपको और आपकी दुकान में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को  इन निर्देशों  का सख़्त रूप से पालन करना चाहिए। ग्राहकों के साथ बातचीत करते समय आपको मुखावरण (मास्क) पहनना चाहिए। अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए आप तहबंद (एप्रन), टोपी और दस्ताने भी पहन सकते  हैं।


यदि आप राशन की दुकान में खुले, बिना पैक किए हुए खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं, तो बड़े प्लास्टिक ट्यूब जैसे सरल उपकरणों का उपयोग का प्रयोग कर सकते हैं जिससे की आप ग्राहकों से सुविधाजनक शारीरिक दूरी सुनिश्चित कर सकते हैं।



**यदि आप बीमार हैं:**

यदि आप या दुकान में काम करने वाले अन्य किसी को खांसी या बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें छुट्टी लेनी चाहिए। अच्छा तो ये होगा कि आप ऐसे कर्मचारियों को वेतन के साथ छुट्टी दे दें। यह आर्थिक मदद कर्मचारियों के ठीक होने में मदद करेगा और साथ में महत्वपूर्ण रूप से ये भी सुनिश्चित करेगा कि अन्य कर्मचारियों और ग्राहकों को संक्रमण का खतरा नहीं है।

**व्यक्तिगत / घरेलू स्वच्छता:**



आपको बाहर से घर में आते  ही स्नान करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि दिन के दौरान आपके ऊपर आने वाले किसी भी संभावित विषाणु आपके परिवार के  किसी  सदस्य में स्थानांतरित न हो  सकें । आप दुकान में पहने हुए कपडे  एक अलग  बाल्टी में छोड़ दें। अगर हो सके तो साबुन और पानी से कपडे तुरंत धो लें।

**माल खरीदना और वितरण (डिलीवरी) स्वीकार करना:**





सभी को सार्वजनिक रूप से 1-2 मीटर शारीरिक दूरी बनाये रखना आवश्यक है। थोक बाजार, जहाँ से दुकानदार अपनी दुकान के लिए सामान खरीदता है, उन्हें भी कोविड-१९ के निर्देशों का पालन करते हुए सुरच्छित दूरी बनाये रखते हुए लोगों को कतार में लगाना चाहिए। यह दस्तावेज़ इस बात की भी जानकारी प्रदान करता है कि बड़े बाजारों को ग्राहकों के प्रवाह को कैसे व्यवस्थित करना चाहिए। जब आप बाहर हों तो मास्क पहनें और जब आप घर वापस आएं तो साबुन से हाथ धो लें, यह बहुत ज़रूरी है। यदि संभव हो, तो भुगतान के लिए ऑनलाइन लेन देन का उपयोग करें।

यदि आप माल की डिलीवरी प्राप्त कर रहे हैं, तो यह बेहतर रहेगा कि आप उसे दुकान के बाहर ही प्राप्त करें ताकि आप सामान अंदर लाने से पहले ही डिब्बे / बक्से को खोल सकते हैं। अच्छा तो ये रहेगा कि आप घरेलू ब्लीच (1:10) से डिब्बे को पोंछ दें (विशेषकर जहाँ आप इसे खोल रहे हैं)।

**सामग्री का भंडारण:**

चावल और दाल जैसे सभी खुले हुए सामान ढके हुए डिब्बे में रखें। दिन के अंत में इन डब्बों को पोंछ दें। फलों और सब्जियों को खुले तौर पर रखना ठीक है। यदि ग्राहक दुकान में आ रहे हैं, तो उनसे अनुरोध करें कि जब तक वे इन्हे नहीं खरीद रहे हैं, तब तक कुछ भी न छूएं । आमतौर पर, इन प्रकार की खराब होने वाली चीज़ें थोड़े समय के लिए ही शेल्फ पर होतीं हैं और यह अच्छा रहेगा कि लोग उपयोग करने से पहले इन्हें अच्छी तरह से धो लें।

**सामान बेचना:**

सभी को बाहर जाते समय फेस मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। दुकानदारों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे विनम्रता से ग्राहकों को फेस कवर या मास्क पहनने के लिए निर्देश दें। आप अपनी दुकानों के प्रवेश द्वार ये पर पुस्तिका/दस्तावेज चिपका सकते हैं और ग्राहकों को Covid-१९ से सम्बंधित सावधानियां बरतने के लिए अवगत करा सकते हैं।

अपनी दुकान के आकार के आधार पर, आप इनमें से किसी एक विकल्प को लागू कर के अपना व्यवसाय जारी रख सकते हैं



**विकल्प 1:** (छोटी भीतरी (इंडोर) दुकानों के लिए)

अच्छा ये रहेगा कि आप प्रवेश द्वार पर या उसके पास ही ग्राहकों को सामान दें। अपने ग्राहकों को ख़रीददारी की सूचियों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि आप उन्हें जल्दी और कुशलता से सेवा दे सकें।

**विकल्प 2:** (बड़ी भीतरी दुकानों के लिए)

दुकान में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों से अपने हाथ साफ करने के लिए कहें । यदि संभव हो तो प्रवेश द्वार पर साबुन के साथ सिंक (वॉशबेसिन) रखें। अगर हो सके तो एक अल्कोहल वाला हाथ का सैनिटाइज़र प्रवेश द्वार के पास रखने की कोशिश करें और ग्राहकों को अपने हाथों को सुखाने के लिए पेपर नैपकिन प्रदान करें और एक अलग कूड़ेदान में सुरक्षित रूप से नैपकिन इकट्ठा करें। यदि संभव हो, तो दरवाजों को खुला छोड़ दें ताकि ग्राहकों को दुकान में प्रवेश करने / बाहर निकलने के लिए हैंडल या घुंडी को छूने की जरूरत न पड़े। आप दुकान को हवादार रखने के लिए खिड़कियों को खुला भी छोड़ सकते हैं।

आप एक समय में दुकान में आने वाले ग्राहकों की संख्या को प्रतिबंधित कर सकते हैं। यह संख्या इस बात पर निर्भर करेगी कि आपकी दुकान कितनी बड़ी है और 1-2 मीटर की भौतिक दूरी बनाए रखते हुए कितने ग्राहक दुकान के अंदर हो सकते हैं।

**विकल्प 3:** (आउटडोर (सीमारहित ) / थोक दुकानें)



आउटडोर और थोक बाजारों में आमतौर पर कम जगह होती हैं जो वायरस को आकर्षित कर सकती हैं। आपको फिर भी अपनी दुकान या आसपास की दुकानें दूसरों से 1-2 मीटर की भौतिक दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि आपका परिवेश साफ हो। प्रत्येक दिन के अंत में, दिन भर का इकठ्ठा किया कचरा सही जगह डाल दें।

**कतार:**

ये संभव है कि सेवा से पहले ग्राहकों को कतार में लग कर प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। कृपया उनसे कतार में बने रहने के दौरान 1-2 मीटर की भौतिक दूरी बनाए रखने का अनुरोध करें। आप दुकान के बाहर फुटपाथ या सड़क पर कम से कम 1-2 मीटर की दूरी पर गोले खींचकर उनकी मदद कर सकते हैं।



दिन के अंत में, सभी काउंटरों और अन्य सतहों जैसे हैंडल, ढक्कन इत्यादि को साफ करने के लिए साबुन के पानी और / या घरेलू ब्लीच (1:10) का उपयोग करें। बार-बार छूने वाली सतहों, जैसे नल, दरवाज़े के घुंडी को साफ करना न भूलें , दरवाजे के ताले और फ्लश बटन को साबुन के पानी के साथ साफ़ करें। वॉश बेसिन और शौचालय को प्रतिदिन साबुन और पानी से साफ करें, उन्हें दिन में कुछ बार ब्लीच से कीटाणुरहित करें।



दुबारा उपयोग होने वाली टोपी, मास्क और एप्रन को अन्य कपड़ों से अलग धोएं। सुनिश्चित करें कि सभी कार्यकर्ताओं को हर रोज एक ताजा, साफ सेट प्रदान किया जाए। किसी भी डिस्पोजेबल मास्क, दस्ताने, टोपी, एप्रन को सुरक्षित रूप से फेंकना होगा। पहले घरेलू ब्लीच (1:10) का उपयोग करके उन्हें कीटाणुरहित करें और फिर या तो उन्हें जला दें या जमीन में गाड़ दें।


**भुगतान:**

चूंकि आपको संभवतः एक महत्वपूर्ण मात्रा में मुद्रा नोट और सिक्कों को संभालना है, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए कि ये वायरस तो नहीं फैला रहे हैं। यदि संभव हो, तो मुद्रा को संभालते समय दस्ताने का उपयोग करें। आप एक अलग डब्बे में मुद्रा रख सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप प्रत्येक दिन के अंत में साबुन और पानी से डब्बे को साफ करें। ग्राहकों को ऑनलाइन लेनदेन को प्रोत्साहित करें। यदि संभव हो, तो दुकान में एक व्यक्ति को केवल सभी मौद्रिक लेनदेन को संभालने के लिए नामित करें।

**होम डिलीवरी**

जब आप डिलीवरी लेकर किसी के घर पहुंचते हैं, तो बाहर खड़े रहे। सामान को डब्बे में रख के घर के बाहर रख दें जहां से ग्राहक उन्हें उठा सकता है। ग्राहक पैसा दूसरे डिब्बे में रख सकते हैं जिसे आप बाद में उठा सकते हैं। सामान की वापसी करने के लिए यही प्रक्रिया उलटी दिशा में काम करती है।



**दुकानदारों के लिए सामान्य दिशा निर्देश:**

- नियमित रूप से हाथ धोएं।
- मास्क (नकाब) पहनिए।
- सभी काउंटरों और अन्य सतहों जैसे हैंडल, ढक्कन आदि को साफ करने के लिए साबुन के पानी और / या घरेलू ब्लीच (1:10) का उपयोग करें।
- पुन: प्रयोज्य कैप / मास्क / एप्रन को अन्य कपड़ों से अलग धोएं।
- यदि आप बीमार हैं तो काम न करें।
- घर पहुँचते ही स्नान करें।
- दिन में पहने हुए कपड़ों को अलग से धोएं।




**सामान खरीदना और डिलीवरी लेना:**

- यदि संभव हो, तो अपनी दुकान के बाहर डिलीवरी प्राप्त करें।
- साबुन के पानी या ब्लीच के साथ बक्से को पोंछें (1:10)।
- बक्से बाहर ही खोलें।
- खोलने के बाद सामान अंदर लाएं।

**सामग्री का भंडारण:**

- ढके हुए डिब्बों में चावल और दाल जैसे खुले सामानों को रखें।
- दिन के अंत में इन डिब्बों को साफ़ कर दें।
- फलों और सब्जियों को खुले तौर पर रखना ठीक है।

**समान बेचना:**

- यदि आपकी  एक छोटी, इनडोर दुकान है, तो प्रवेश द्वार पर या उसके पास ग्राहकों की सेवा करें।
- बड़ी, इनडोर दुकानों के लिए ग्राहकों को प्रवेश करने से पहले अपने हाथों को साफ करने और ग्राहकों की संख्या को सीमित करने का निर्देश दें।
- यदि इसकी एक आउटडोर / थोक दुकान है, तो ग्राहकों को एक दूसरे से 1-2 मीटर की दूरी बनाए रखने के लिए कहें।
- ग्राहकों को कतार में खड़ा करने के लिए दुकान के बाहर 1-2 मीटर की दूरी पर फुटपाथ या सड़क पर गोले खींच सकते हैं।



**भुगतान:**

- एक अलग डिब्बे में नोट और सिक्के रखें जो डिब्बा साबुन और पानी से रोजाना साफ हो।
- यदि संभव हो, सभी मौद्रिक लेन देन को संभालने के लिए एक व्यक्ति को नामित करें या ऑनलाइन लेन देन को प्रोत्साहित करें।

**होम डिलीवरी:**

- ग्राहक के घर में प्रवेश ना करें और डिलीवरी को बाहर रखें।
- एक बॉक्स या थैली का उपयोग करके धन इकट्ठा करें या ऑनलाइन लेन देन करें।

इस जानकारी कि वैज्ञानिक सटीकता का पूरा प्रयास किया गया है; यदि आप किसी त्रुटि से अवगत हों तो कृपया हमें indscicov@gmail.com पर सूचित करें।